# इलेक्ट्रानिक हब के रूप में विकसित होगा नोएडा

जागरण संवाददाता, नोएडा : निवेश व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रानिक हब के रूप में नोएडा को विकसित किया जाएगा। इसके लिए सेक्टर-164 को केवल इलेक्ट्रानिक यूनिट को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में छह औद्योगिक भूखंड के लिए प्राधिकरण ने यहां पर 41500 वर्ग मीटर जमीन आरक्षित कर दी है, यह सभी भूखंड पांच हजार वर्ग मीटर से लेकर आठ हजार वर्गमीटर तक के हैं, जहां पर सिर्फ इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट को ही भूखंड आवंटित किया जाएगा।

इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश सरकार की इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020 (प्रथम संशोधन-2022) को प्राथमिकता दी गई। पालिसी के तहत लाभ कंपनी आवंटी को देने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप वन ट्रिलियन इकोनामी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह बेहद जरूरी है। वर्तमान में स्मार्ट फोन, टेलीविजन, घरेलू उपकरण, सेमीकंडक्टर जैसे इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने की मांग बढ़ रही है।

ऐसे में जल्द ही योजना निकालकर यहां इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू की जाएंगी। यह सेक्टर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास है। साथ यमुना और नोएडा दोनों एक्सप्रेसवे कनेक्ट है। ऐसे में कार्गो में कोई परेशानी नहीं होगी।

इसी सेक्टर के पास में आवासीय सेक्टर भी बसाए जा रहे है। ताकि इन कंपनियों में काम करने वाले लोग यहां निवास कर सके। कयास लगाए जा रहे है इस इलेक्ट्रानिक हब से करीब 10 हजार से ज्यादा नए लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इसके साथ ही करीब एक हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश मिलेगा।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा अनुमन्य किये जाने का निर्णय लिया गया। यह सुविधा ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों को भी अनुमन्य होगी जिनकी नियुक्ति शासन द्वारा प्रदत्त केन्द्रीयत सेवा नियमावली 2018 के लागू होने के पश्चात नोएडा प्राधिकरण में सीधी भर्ती / अनुकम्पा / दिव्यांग कोटा के अन्तर्गत की गई है।

## यह होंगे सेक्टर-164 में भूखंड

| भूखंड संख्या | क्षेत्रफल वर्गमीटर में |
|---|---|
| 14 | 8000 |
| 14ए | 5000 |
| 14बी | 5000 |
| 15ए | 7900 |
| 15बी | 7800 |
| 15सी | 7800 |

**10** हजार से ज्यादा नए लोगों को रोजगार मिल सकेगा। करीब एक हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश मिलेगा

**को-डेवलपर करेंगे योजना पूरी:** ग्रुप हाउसिंग भूखंड जीएच-02 सेक्टर-100 स्थित क्लाउड 9 प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के बायर्स के हितों को देखते हुए इसे लेगेसी स्टाल्ड परियोजनाओं में सम्मिलित किया गया। साथ ही ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीए-01 सेक्टर-118 तथा जीएच-01 सेक्टर-74, जीएच-03 सेक्टर-137 नोएडा की परियोजना को को-डेवलपर के जरिये पूरा कराने का प्रस्ताव दिया गया, जिस पर बोर्ड ने सहमति जाहिर की है।